	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	आषाढ़ 06, गुरूवार, *शाके* 1946-जून 27, 2024 *Asadha 06, Thursday , Saka 1946- June 27, 2024*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

नगर नियोजन विभाग

कार्यालय मुख्य नगर नियाज, राजस्थान, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, जून 27, 2024

संख्या टीपीआर 1120/एमपी/खाटूश्यामजी/2018/ :-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगर सुधार अधिनियम, 1959 की धारा 5 की उप धारा (1) एवं राजस्थान नगर सुधार न्यास, (साधारण) नियम, 1962 के नियम 3 के अन्तर्गत खाटूश्यामजी कस्बे के नगरीय क्षेत्र का मास्टर प्लान-2041 का प्रारूप तैयार कर आम जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित किया जा रहा है। इस प्रारूप मास्टर प्लान के नगरीय क्षेत्र में निम्नलिखित ग्राम सम्मिलित हैः-

खाटूश्यामजी नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्तावित राजस्व ग्रामों की सूची		
क्र.सं.	राजस्व ग्राम का नाम	Name of Revenue Village
1-	KHATUSHAYAMJI	खाटूश्यामजी
2-	HANUMANPURA	हनुमानपुरा
3-	SITARAMPURA	सीतारामपुरा
4-	SYAMI KI DHANI	श्यामी की ढ़ाणी
5-	JHAMAWAS	झामावास
6-	CHOMU PUROHITAN	चौमू पुरोहितान
7-	KERPURA	कैरपुरा

खाटूश्यामजी मास्टर प्लान-2041 (प्रारूप) के संबंध में राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस में किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान/वरिष्ठ नगर नियोजक, जयपुर जोन, जयपुर, नगर नियोजन भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, राजस्थान, जयपुर-

302004/जिला नगर नियोजक, सीकर अथवा अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, खाटूश्यामजी में प्रस्तुत कर सकते हैं। मास्टर प्लान के प्रारूप का दिनांक 27.06.2024 से दिनांक 26.07.2024 तक उपरोक्त समयावधि में प्रदर्शनी स्थल कार्यालय अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, खाटूश्यामजी में अवलोकन किया जा सकता है। उपरोक्त अवधि में मास्टर प्लान के इस प्रारूप से संबंधित पुस्तिका पुस्तिका मय मानचित्र कार्यालय नगरपालिका, खाटूश्यामजी से क्रय किये जा सकते हैं एवं नगर नियोजन विभाग की वेबसाईट https://urban.rajasthan.gov.in/townplanning/ से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

नितिन नेहरा,
वरिष्ठ नगर नियोजक,
जयपुर जोन, जयपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।